दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

सीकर रोड में किराना स्टोर पर पकड़ा नकली सरस घी

News - सीकर रोड में किराना स्टोर पर पकड़ा नकली सरस घी जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को सीकर...

Dec 04, 2019, 09:45 AM IST

सीकर रोड में किराना स्टोर पर पकड़ा नकली सरस घी

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को सीकर रोड, रोड नबर-2 स्थित गणपति ट्रेडर्स के छापा मारा। छापा में दुकान में आधा लीटर सरस घी के 10 पैकिट नकली पाए गए, जिन्हें जप्त करके सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। छापा के बाद टीम ने सरस डेयरी के अफसरों को भी मौके पर बुलाया। डेयरी अधिकारियों ने घी को सरस का डुप्लीकेट होने की पुष्टि की है। उधर दुकानदार के खिलाफ टीम ने मुरलीपुरा थाना में भी मामला दर्ज कराया है। दुकानदार से तीन दिन पहले सीकर रोड स्थित मनोज कुमार ने एक लीटर सरस घी 430 रुपए खरीदा। मनोज ने घर जाकर घी के डिब्बे को खोला तो उसमें से बदबू आने लगी। इसी शिकायत उन्होंने जयपुर डेयरी के अफसरों की। अफसरों ने मनोज को सरस घी पहचान के लिए जयपुर डेयरी बुलाया और चिकित्सा विभाग की टीम को सूचना देने के लिए कहा।

Source: https://www.bhaskar.com/news/rajasthan-news-fake-saras-ghee-caught-at-grocery-store-in-sikar-road-094551-6089821.html